बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

15,नेहरू पथ(बेली रोड), पटना–800001

आयोग कार्यालय में रक्षित बॉक्सों, ताला–चाभी एवं कटर की निष्पादन हेतु पुनः अल्पकालीन नीलामी सूचना

01. आयोग कार्यालय में विविध आकार का लगभग 10,000 स्टील का बक्सा रक्षित है का नीलामी के माध्यम से निष्पादन किया जाना है। इन बॉक्सों का नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म से नीलामी आवेदन आमंत्रित की जाती है। उच्चतम बोली लगाने वाले प्रतिष्ठान/नीलामीदाता को उक्त कार्य हेतु चयनित किया जाएगा। निष्पादन किए जाने वाले बॉक्सों, ताला–चाभी एवं कटर की अनुमानित विवरणी निम्नवत् हैः–

क्रम सं0	आकार	लंबाई	चौड़ाई	ऊँचाई	चदरा की मोटाई	वजन (लगभग)
01	बड़ा बक्सा	24"	16"	12"	0.4mm/0.5mm	5 kg
02	छोटा बक्सा	18"	13"	11"	0.4mm/0.5mm	4 kg

02. पूर्ण रूप से भरा गया नीलामी प्रपत्र सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पदनाम से सील्ड लिफाफा में निबंधित डाक/स्पीड–पोस्ट/हाथों–हाथ/डाक के माध्यम से इस प्रकार भेजे कि वह **दिनांक 23.02.2024** के अपराह्न **03:00 बजे** तक आयोग कार्यालय में प्राप्त हो जाये। आयोग कार्यालय के पूछताछ काउन्टर पर भी उक्त निर्धारित तिथि एवं समय से पूर्व इच्छुक व्यक्ति नीलामी आवेदन जमा करा सकते है।
03. नीलामी हेतु उक्त बक्सों का अवलोकन कार्यालय अवधि में **दिनांक 22.02.2024** तक बिहार लोक सेवा आयोग, 15 नेहरू पथ, पटना में किया जा सकता है।
04. उक्त नीलामी से संबंधित जमानत की राशि **50,000/– (पचास हजार रूपये) मात्र** को बैंक डिमांड ड्राफ्ट के रूप में सचिव, बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पदनाम से देय हो, नीलामी प्रपत्र के साथ मूल रूप में मुहरबंद लिफाफे में जमा करना होगा।
05. सील्ड लिफाफा के ऊपर "पुराने बाक्सों, ताला–चाभी एवं कटर के नीलामी हेतु आवेदन" अवश्य अंकित करें। साथ ही उक्त लिफाफा के ऊपर नीलामीदाता/प्रतिष्ठान का नाम, पता एवं मोबाईल नं0 निश्चित रूप से अंकित होना चाहिए।
06. नीलामीदाता को नीलामी आवेदन संबंधी प्रपत्र पूर्ण रूप से भरते हुए इसके साथ पिछले तीन वित्तीय वर्षों का आयकर रिटर्न, GST रिटर्न एवं GST निबंधन प्रमाण–पत्र तथा काली सूची में दर्ज नही होने का शपथ पत्र (Notarized Affidavit) तथा अग्रधन की राशि का बैंक ड्राफ्ट संलग्न करना आवश्यक होगा।
07. निर्धारित तिथि एवं समय तक प्राप्त नीलामी आवेदनों को **दिनांक 27.02.2024** को अपराह्न **02:00 बजे** अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में खोली जायेगी, जिसमें नीलामीदाता या उनके अधिकृत प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते है। उपस्थित नीलामीदाता/अधिकृत प्रतिनिधि को बोली लगाने की प्रक्रिया में शामिल होना होगा। उच्चतम बोली लगाने वाले सफल फर्म/व्यक्ति को नीलामी की पूर्ण राशि का 25 प्रतिशत तुरंत जमा करना होगा तथा कार्यादेश प्राप्ति के 07 दिनों के अंदर वास्तविक गणना के आधार पर शेष राशि को NEFT/RTGS के माध्यम से आयोग कार्यालय के खाता में जमा कर कार्यालय से अपने खर्च पर सामग्री का उठाव करना होगा।
08. नीलामी हेतु बड़ा स्टील बॉक्स का न्यूनतम बेसप्राईस दर 150/– रू0 प्रति एकक एवं छोटे बक्से का न्यूनतम बेसप्राईस 120/– रू0 प्रति एकक है।
09. नीलामी प्रपत्र को **दिनांक 22.02.2024** तक कार्यालय अवधि में आयोग कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है। नीलामी प्रपत्र को आयोग के वेबसाइट **www.bpsc.bih.nic.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।
10. अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी नीलामी आवेदनों को रद्द करने एवं संशोधित करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा।

सचिव
बिहार लोक सेवा आयोग,पटना।
दूरभाष संख्या–2215187

बिहार लोक सेवा आयोग, पटना
नीलामी प्रपत्र

1. प्रतिष्ठान का नाम :
2. प्रोप्राइटर का नाम :
    हिन्दी में :...
    अंग्रेजी के बड़े अक्षरों में : ....
3. पत्राचार का पता : ....
    : ....
    : ....
    : ....
    मोबाईल नं० : ....
4. अग्रधन राशि का ब्यौराः–
    (क) राशि :– ....
    (ख) बैंक ड्राफ्ट सं० एवं तिथि :–...
    (ग) बैंक का नाम :–...

5. कार्य सम्पादन की अवधि : ....

6. (क) स्वच्छता प्रमाण–पत्र (फर्म के काली सूची में दर्ज नहीं होने से संबंधित हेतु (Notarized Affidavit):...
    (ख) अद्यतन तीन वितीय वर्ष का आयकर रिटर्न की प्रतिः ....
    (ग) अद्यतन तीन वितीय वर्ष का GST रिटर्न एवं GST निबंधन प्रमाण–पत्र की प्रतिः ....
    (घ) आधार कार्ड की प्रति...
    (ङ.) पैन कार्ड की प्रति...

घोषणा

मैं .... एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि उपरोक्त सभी कथन सत्य है एवं मेरे द्वारा नीलामी की सभी शर्त्तों के अनुसार कार्य सम्पादित किया जायेगा। किसी प्रकार की भूल/त्रुटि होने अथवा नीलामी की शर्त्तों के विरूद्ध कार्य सम्पादित किये जाने पर, आयोग को नीलामी रद्द करने का अधिकार होगा। सफल नीलामीदाता के स्थिति में कुल नीलामी राशि का 25 प्रतिशत तुरंत जमा करूँगा/करूँगी एवं शेष राशि कार्यादेश प्राप्त होने के 07 (सात) दिनों के अन्दर जमा करूँगा/करूँगी एवं उक्त सामग्री का उठाव संपन्न करूंगा/करूँगी।

दिनांक ....

स्थान ....

नीलामीदाता का हस्ताक्षर